वार्षिक प्रतिवेदन

हिंदी विभाग
2018-19

हिंदी विभाग छात्रों के शैक्षणिक वैयक्तिक,नैतिक एवं सामाजिक विकास को ध्यान में रखते हुए अनेक बौद्धिक एवंशैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन करता है। इस दृष्टि से हिंदी विभाग द्वारा निम्नलिखित गतिविधियों का आयोजन किया गया साथ ही विभागाध्यक्ष डॉ अरुण घोगरे अनेक शैक्षणिक उपक्रमों में सहभागी हुए।

1. जुलाई माह के आरंभ में बी.ए. एवं बी.कॉम. के छात्रों को उनके पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई |

2. दि. 28.08.2018 को हिंदी साहित्य मंडल का गठन किया गया |

3. दि. 27.09.2018 को 'हिंदी दिवस एवं हिंदी साहित्य मंडल' का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया | इस समारोह की अध्यक्षता मा. प्राचार्य डॉ आर.ए. उमेकर ने की | उद्घाटन के रूप में सुप्रसिद्ध कवि मा. उज्जवल अग्रवाल प्रमुख वक्ता के रूप में ,मा. प्रा. अनिल पाखरे एवं मार्गदर्शक के रुप में भूतपूर्व प्राचार्य महाजन सर उपस्थित थे।

4. दि. 27.09.2018 से दि. 26.09.2018 तक 'हिंदी निबंध लेखन एक कला' पाठ्यक्रम प्रमाण पत्र(Add on certificate course) का आयोजन किया गया।

5. दि. 01.10.2018 को महाविद्यालय के स्वर्ण जयंती वर्ष निमित्तअंतर महाविद्यालय विद्यापीठ स्तरीय वक्तृत्व स्पर्धा का आयोजन किया गया |

6. दि. 11.10.2018 से 17.10.2018 तक बी.ए. एवं बी.कॉम. प्रथम एवं द्वितीय सत्र के छात्रों के सेमिनारों का आयोजन किया गया तथा बी.ए. एवं बी.कॉम. के छात्रों के इकाई मूल्यांकन लिए गए |

7. दि. 21-22 दिसंबर 2018 को महाराष्ट्र हिंदी परिषद द्वारा प्रायोजित न्यू आर्ट्स कॉमर्स एंड साइंस कॉलेज पारनेर जिला अहमदनगर एवं सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय पुणे द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में सहभागी होकर शोध-पत्र प्रस्तुत किया।

8. दि. 07.01.2019 को छात्रों के बौद्धिक एवं लेखन शैली में विकास हेतु महाविद्यालय स्तर पर 'विद्यार्थी और राजनीति' विषय पर हिंदी निबंध स्पर्धा का आयोजन किया गया।

9.दि.29.01.2019 को भगवंतराव शिवाजी पाटील महाविद्यालय और जगदम्ब महाविद्यालय,अचलपुर के हिंदी विभागों के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षकों और छात्रों के शैक्षणिक और अकादमिक विकास की दृष्टि से परस्पर MOU (Memorandum of Understanding) किया गया।

10. दि. 11.03.2019 से 16.03.2019 तक बी.ए. तथा बी.कॉम. के छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन का आयोजन किया गया |

11. मार्च के अंतिम सप्ताह तक सभी कक्षाओं के पाठ्यक्रम पूर्ण करा दिए गए छात्रों की कठिनाइयों का निवारण कर परीक्षा में सफलता प्राप्त करने हेतु उनका मार्गदर्शन किया गया |

12. दि. 10:03.2019 को विद्या भारती महाविद्यालय अमरावती एवं संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ शिक्षण मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'One day Orientation workshop on the role of us in curriculum planning' विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागी हुए।

13.दि. 12:03.2019 को डॉ श्रीकांत जिचकर मेमोरियल रिसर्च सेंटर संत गाडगे बाबा अमरावती विद्यापीठ अमरावती द्वारा आयोजित 'Stimulation program for research supervisors'विषय पर आयोजित कार्यशाला में सहभागी हुए।

महाविद्यालय का हिंदी में भाग छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत हैं इस हेतु महाविद्यालय की माननीय प्राचार्य का मार्गदर्शन एवं सहयोग भी उतना ही महनीय है।

प्रो.डॉ.अरुण प्र. घोगरे
प्रोफेसर एवं अध्यक्ष (हिंदी विभाग)
बी.एस.पाटील महाविद्यालय,परतवाडा

Principal
B.S.Patil Mahavidhyalaya
Achalpur Camp (Paratwada)